जग पे संकट | By Poonam Parddesi

जग पे संकट आया बाबा मोरछड़ी लेहराओ ना
हार गया जग इस संकट से नीले चढ़ अब आओ ना
जग पे संकट आया बाबा मोरछड़ी लेहराओ ना

इस संकट की आंधी बाबा बढ़ती बढ़ती जावे है
हर प्रेमी अब तेरे आगे एक ही अर्ज़ी लगावे है
इस संकट को हरने खातिर बाण तो एक चलाओ ना
जग पे संकट आया बाबा मोरछड़ी लेहराओ ना

तेरे इस जग की बगिया के पुश गिरते जाएँ हैं
धार के रूप काल माली का पुष्प चुनता जावे है
बनके मांझी आजा सांवरे नैया पार लगाओ ना
जग पे संकट आया बाबा मोरछड़ी लेहराओ ना

अनसुना क्यों करते बाबा प्रेमी तुझे पुकारे हैं
गौरव संग प्रेमी ये सारे बाबा तेरे दुलारे हैं
अँखियाँ बरसे छम छम बाबा कोई तो राह दिखाओ न
जग पे संकट आया बाबा मोरछड़ी लेहराओ ना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%97-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%9f-by-poonam-parddesi/